# मऊगंज की समीक्षा ने यूपीएससी में हासिल की सफलता

## पिछली बार 8 अंकों से चूकीं अब 56वीं रैंक मिली

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 6 मार्च. यूपीएससी, 2025 के परिणाम घोषित होने के बाद विन्ध्य में जश्न का माहौल है। रीवा और मऊगंज की बेटी समीक्षा द्विवेदी ने यूपीएससी परीक्षा में 56वीं रैंक हासिल कर जिले का नाम रोशन किया.**

समीक्षा की इस बड़ी उपलब्धि पर उनके परिवार और रिश्तेदारों में खुशी की लहर है। समीक्षा के बड़े भाई अमित द्विवेदी ने मीडिया से बात करते हुए समीक्षा की उपलब्धि की पुष्टि की. बाद में वीडियो के माध्यम से समीक्षा ने बताया कि उसने यूपीएससी परीक्षा में 56वीं रैंक



हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है. समीक्षा की इस बड़ी उपलब्धि पर उनके परिवार और रिश्तेदारों में खुशी की लहर है। समीक्षा के मामा गोपाल कृष्ण तिवारी ने भी मीडिया से बात करते हुए समीक्षा की सफलता का श्रेय उनकी कड़ी मेहनत और लगन को दिया। उन्होंने बताया कि समीक्षा ने दिन-रात एक कर इस परीक्षा की तैयारी की और आज उनकी मेहनत रंग लाई है। समीक्षा के पिता श्रीनिवास द्विवेदी मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल में क्षेत्रीय अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। माता सुनीता घरेलू महिला हैं.समीक्षा का पैतृक गांव रीवा मऊगंज जिले का डगदुआ है। समीक्षा की शादी हो चुकी है और उनके पति बैंक ऑफ इंडिया में कार्यरत हैं।समीक्षा द्विवेदी की यह सफलता उन सभी युवाओं के लिए प्रेरणा है जो अपने सपनों को पूरा करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

### इंदौर में की पढ़ाई

समीक्षा द्विवेदी की शुरुआती पढ़ाई इंदौर से हुई है। इसके बाद उन्होंने चेन्नई के एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी से बी .टेक की डिग्री हासिल की। उच्च शिक्षा के लिए उन्होंने आईआईटी कानपुर से एमबीए किया। समीक्षा पिछले 4-5 सालों से यूपीएससी की तैयारी कर रही थीं। उन्होंने इससे पहले भी दो बार इंटरव्यू दिया था, लेकिन अंतिम सूची में जगह बनाने में सफल नहीं हो पाई थीं। पिछले साल वे मात्र 8 अंकों से पिछड़ गईं थीं।

### शादी सफलता में अड़चन नहीं बन पाई

समीक्षा ने अपनी सफलता पर अपने परिजनों से मिले सहयोग की चर्चा करते हुए खुलकर बताया कि यह उनका 5वां प्रयास था. इसके पूर्व किए गए प्रयासों में उन्हें सफलता नहीं मिली थी. समीक्षा ने बताया कि उन्होंने शुरू से ही यूपीएससी को क्रेक करने का मन बनाया था परिजनों ने शादी के लिए जोर दिया तो वे तैयारी हो गईं. शादी के बावजूद ससुराल वालों ने कभी भी उनकी पढ़ाई को लेकर कोई नकारात्मक पक्ष सामने नहीं आने दिया बल्कि सहयोगात्मक रूख ही रखते रहे .उनकी इस सफलता पर घरवालों का भी बड़ा योगदान है.

# सतना के भूमिका और यशवर्धन भी सफल

## यशवर्धन को मिली 212वीं रैंक, भूमिका ने 331वें स्थान पर जगह बनाई

**नवभारत न्यूज**

**सतना 6 मार्च. संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा में एक ओर जहां राज्य के प्रतिभागियों ने टॉप 10 में जगह बनाई वहीं दूसरी ओर सतना जिले का नाम भी रोशन हुआ. एक ओर जहां सतना के यशवर्धन सिंह ने 212वें स्थान पर काबिज होने में सफलता पाई. वहीं दूसरी ओर भूमिका जैन ने 331वीं रैंक हासिल की.**



महिला दिवस के महज 2 दिन पहले ही संघ लोक सेवा आयोग द्वारा घोषित सिविल सेवा परीक्षा परिणाम में सतना की भूमिका जैन ने सफलता हासिल कर जिले का नाम रोशन कर दिया. भूमिका ने अपने तीसरे प्रयास में 331वीं रैंक हासिल की है. भूमिका के पिता मनोज जैन जहां शहर के कपड़ा व्यवसायी हैं वहीं मां श्रीमती श्रृष्टि जैन गृहणी हैं. शुक्रवार को यूपीएससी परीक्षा 2025 के अंतिम परिणाम आते ही भूमिका को बधाईयां मिलने का सिलसिला शुरु हो गया. भूमिका ने अपनी सफलता का श्रेय सबसे पहले अपने माता पिता को दिया. भूमिका के अनुसार उन्हें उनके परिवार का सहयोग मिला तभी वह यह मुकाम हासिल कर पाईं. तैयारी के दौरान उन्होंने न तो सोशल मीडिया से दूरी बनाई और न ही परिवार से अलगाव रखा. घर में रहकर पढ़ाई करने के दौरान वे परिवार की जिम्मेदारियां भी निभाती रहीं. इससे उन्हें मानसिक ताकत भी मिली.

**संतुलित जीवन शैली आवश्यक**-भूमिका के अनुसार सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए संतुलित जीवन शैली और सकारात्मक वातावरण महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. पहली बार उन्होंने कोचिंग का सहरा लिया, बेसिक समझने के लिए दिल्ली में कुछ वक्त बिताया. लेकिन उसके बाद उन्होंने सेल्फ स्टडी के मूल मंत्र को अपनाते हुए अपनी तैयारी घर से ही शुरु की. वे प्रतिदिन 9-10 घंटे पढ़ाई करती रहीं. कभी-कभी 12 घंटे तक भी पढ़ाई चली. ज्याद पुस्तकों के बजाए 1-2 पुस्तकों पर ही ध्यान केंद्रित करना, अधिक से अधिक प्रश्न पत्र और मॉक टेस्ट हल करना उनकी दिनचर्या का हम हिस्सा रहा. भूमिका ने युवाओं को यह संदेश भी दिया कि यदि हर रोज थोड़ी-थोड़ी लेकिन लगातार पढ़ाई जारी रखी जाए तो कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है.

### परसवारा में मना जश्न



जिले की नागौद तहसील अंतर्गत परसवारा गांव में शुक्रवार को उस समय खुशियां मनाई जाने लगीं जब वहां के लाल यशवर्धन सिंह परिहार द्वारा संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में सफलता प्राप्त करने की जानकारी सामने आई. लोगों की खुशियां उस वक्त और बढ़ गईं जब यह मालुम हुआ कि यशवर्धन को 212 वीं रैंक हासिल हुई है. यह जानकारी सामने आते ही यशवर्धन के परसवारा स्थित घर में आस पास के लोगों और रिश्तेदारों का पहुंचकर बधाई देने का सिलसिला शुरु हो गया. वहीं यह को मिली इस सफलता से माता श्रीमती संगीता सिंह और पिता नरेंद्र सिंह परिहार खुशी से फूले नहीं समा रहे हैं. परिजनों ने बताया कि 5वीं कक्षा से यशवर्धन अमरकंटक में रहकर पढ़ाई कर रहे थे इसके बाद भोपाल से बीई मेकेनिकल की पढ़ाई की. पिछले कई वर्ष से दिल्ली में रहकर तैयारी कर रहे हैं यह इनकी तीसरा प्रयास था इसके पहले एक बार मुख्य परीक्षा में शामिल हो चुके हैं.

# बैढ़न के सुमित ने यूपीएससी में हासिल की 746वीं रैंक

- पांचवें प्रयास में मिली सफलता, सिंगरौली जिले का बढ़ाया मान

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 6 मार्च। होनहार बिरवान के होत चिकने पात कहावत को जिला मुख्यालय बैढ़न के नौगई निवासी युवा सुमित कुमार शाह ने सच कर दिखाया है।**



संघ लोक सेवा आयोग यूपीएससी की घोषित परीक्षा परिणाम में सुमित कुमार शाह ने 746वीं रैंक हासिल कर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे सिंगरौली जिले को गौरवान्वित किया है। जैसे ही परिणाम की जानकारी सामने आई, क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई और परिजनों, मित्रों व शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी। सुमित कुमार की प्रारंभिक शिक्षा जिला मुख्यालय स्थित सरस्वती विद्यालय बैढ़न में हुई। वे बचपन से ही मेधावी छात्र रहे हैं। कक्षा 12वीं की परीक्षा में उन्होंने 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया था। इसके बाद उन्होंने उच्च शिक्षा के लिए भोपाल का रुख किया और वहां से बी-टेक की पढ़ाई पूरी की। स्नातक की पढ़ाई के बाद सुमित कुमार ने भोपाल की एक निजी कंपनी वेदांत में करीब एक वर्ष तक नौकरी की। हालांकि उनके मन में प्रशासनिक सेवा में जाने का लक्ष्य था, इसलिए उन्होंने नौकरी के साथ ही यूपीएससी की तैयारी शुरू कर दी। लगातार प्रयास और कड़ी मेहनत के बल पर उन्होंने पांचवें प्रयास में यह महत्वपूर्ण सफलता हासिल कर ली।

### पिता एवं भाई हैं व्यवसायी

27 वर्षीय सुमित कुमार के पिता विष्णु प्रसाद शाह कचनी में महिंद्रा ट्रैक्टर की एजेंसी के साथ सरिया-सीमेंट का व्यवसाय करते हैं, जबकि उनकी माता गृहिणी हैं। उनके बड़े भाई पारिवारिक व्यवसाय में सहयोग करते हैं और बहन घरेलू जिम्मेदारियां संभालती हैं। सुमित अपने भाई-बहनों में सबसे छोटे हैं। अपनी इस उपलब्धि पर सुमित कुमार ने सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, भाई और गुरुजनों को दिया है। उन्होंने कहा कि परिवार के सहयोग और मार्गदर्शन से ही यह मुकाम हासिल हो सका है। सुमित की इस सफलता से जिले के युवाओं को भी नई प्रेरणा मिली है और हर कोई उनकी इस उपलब्धि पर गर्व महसूस कर रहा है।

# भतीजी की सफलता पर बुआ ने मनाया जश्न



**सतना, 6 मार्च.** स्थानीय विराटनगर निवासी अमित सिंह की भतीजी दर्शना सिंह को यूपीएससी में 383वीं रैंक हासिल होने पर उनकी बुआ ने खुशी व्यक्त करते हुए मिठाई बांटी.

मूलत: छत्तीसगढ़ जनकपुर में रहने वाले अरुण सिंह बघेल व सीमा सिंह बघेल की पुत्री दर्शना ने कानपुर आईआईटी से बीटेक की डिग्री हासिल की है यह उनका पहला ही प्रयास था जिसमें उन्हें सफलता मिली.

# गुढ़ क्षेत्र में पहुंचा हाथी का जोड़ा, महिला को किया घायल

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 6 मार्च, बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से निकलकर आबादी वाले क्षेत्र में पहुंचे रेडियो कॉलर हाथी के जोडे अब रीवा जिले के गुढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत तमरा पहाड़ पर देखे गए है.**

हाथी के जोड़े ने यहां फसलों को नुकसान पहुंचाते हुए एक मड़ई को भी गिरा दिया है और महिला को भी घायल कर दिया है. इसके बाद हाथी के जोड़े जंगल की ओर बढ़ गए हैं हाथियों के दस्तक की सूचना पूर्व सरपंच द्वारा पटवारी सहित वन विभाग को दी गई है. रीवा जिले के गुढ़ तहसील अंतर्गत तमरा पहाड़ पर देखे गए रेडियो कॉलर हाथी के जोड़ों के संबंध में तमरा देश के पूर्व सरपंच हरिनाथ सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि बीती रात तकरीबन 1:30 बजे हाथी के जोड़े उनके भाई विश्वनाथ के खेतों के समीप पहुंचे थे. जहां पत्थरों की खाखरी को गिरा दिया और फसलों को क्षतिग्रस्त करते हुए हाथी के जोड़े रामपाल की मड़ाई के पास पहुंचे. हाथियों के आने की आहट मिलते ही रामपाल मड़ई छोड़कर भाग निकले.

इसके बाद हाथियों ने उनकी मड़ई को गिरा दिया है. पूर्व सरपंच ने बताया कि इस दौरान हाथियों ने अमरनाथ लोनिया की पत्नी को भी मामूली रूप से घायल किया है. पूर्व सरपंच ने बताया कि हाथियों के जोड़ों के तमरा पहाड़ पर मौजूदगी की जानकारी उनके द्वारा क्षेत्रीय पटवारी को दी गई और पटवारी ने इसकी सूचना डिप्टी डेंजर को दी है. पूर्व सरपंच ने बताया कि फिलहाल हाथी नजर नहीं आ रहे हैं लेकिन इन्हें लेकर ग्रामीणों में दहशत है. ऐसा माना जा रहा है कि सीधी जिले से मऊगंज और मऊगंज जिले से रीवा जिले के तमरा पहाड़ पहुंचे हाथियों की यह जोड़े एक बार फिर सीधी जिले की ओर जंगल के रास्ते चले गए हैं फिलहाल वन विभाग का अमला इनकी लोकेशन ले रहा है.

# बस से युवक को उतार कर सरेराह दौड़ा-दौड़ा पीटा

## वीडियो वायरल होने पर घटना में लिया संज्ञान

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 6 मार्च, रीवा शहर के बिछिया थाना क्षेत्र स्थित चिरहुला नाथ हनुमान मंदिर गेट के सामने गुरुवार देर रात असामाजिक तत्वों ने जमकर तांडव मचाया. यहां एक युवक को गौतम ट्रेवल्स बस से जबरन नीचे उतारकर करीब 10 से अधिक लोगों ने सरेराह लात-घूंसों से बेरहमी से पीटा.**

बताया जा रहा है कि युवक बस से कहीं जा रहा था, तभी कुछ युवकों ने उसे जबरन बस से नीचे उतार लिया और सड़क पर ही घेरकर मारपीट शुरू कर दी. देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई, लेकिन बदमाशों के सामने कोई बीच-बचाव करने की हिम्मत नहीं जुटा सका. घटना के दौरान डायल 112 भी मौके पर पहुंच गई थी. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पुलिस वाहन सायरन बजाता रहा, लेकिन बदमाशों पर तुरंत कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई. घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें कई युवक मिलकर एक युवक को पीटते नजर आ रहे हैं. फिलहाल पुलिस मामले की जानकारी जुटाने और मारपीट करने वाले युवकों की पहचान करने में लगी हुई है. घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है और लोग कानून व्यवस्था पर भी सवाल उठा रहे हैं. वही मामले में बिछिया पुलिस का कहना है कि वीडियो के आधार पर पुलिस स्वत: संज्ञान ले रही है. अभी पीड़ित पक्ष की तरफ से थाने में कोई लिखित शिकायत नहीं की गई है. मारपीट करने वालों की पहचान करने की कोशिश की जा रही हैं. पीड़ित भी अपनी शिकायत थाने में पहुंचकर दर्ज कराए.



# पद्मश्री डॉ . बीके जैन के निधन पर उप मुख्यमंत्री ने श्रद्धांजलि अर्पित की

## विन्ध्य के लिए अपूर्णीय क्षति : शुक्ल

**नवभारत न्यूज**

**सतना 06 मार्च. पद्मश्री से सम्मानित प्रसिद्ध नेत्र चिकित्सक एवं समाजसेवी डॉ. बुधेंद्र कुमार जैन के निधन पर मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने गहन शोक व्यक्त किया है।**

उन्होंने शुक्रवार को चित्रकूट स्थित डॉ. जैन के निवास पहुंचकर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और शोक संवेदना व्यक्त की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने परिजनों से मुलाकात कर दुख की इस घड़ी में उन्हें ढाढस बंधाया। उन्होंने कहा कि डॉ. बी.के. जैन का निधन अत्यंत दुखद है। उन्होंने सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के माध्यम से नेत्र चिकित्सा को जनसेवा का व्यापक अभियान बनाया और लाखों जरूरतमंदों को आंखों की रोशनी बांटी। चित्रकूट की तपोभूमि पर पिछले 50 वर्षों से अधिक समय तक उन्होंने समाजसेवा, नेत्र स्वास्थ्य जागरूकता और गरीब-असहायों की सेवा में अपना जीवन समर्पित किया। उनका कार्य करुणा, समर्पण और मानवता की प्रेरक मिसाल है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय, नगर परिषद अध्यक्ष सुश्री साधना पटेल, उपाध्यक्ष प्रबल श्रीवास्तव, राजेश दुबे सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# पति-पत्नी के विवाद में मासूम बच्चे की गई जान

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 6 मार्च । माड़ा थाना क्षेत्र के धनहरा गांव में बीते होली त्यौहार के दिन पति-पत्नी के बीच विवाद हो रहा था, इसी दौरान पत्नी पर आरोपी पति ने लाठी बरसाने लगा, तभी एक लाठी मासूम बच्चे को लग गई।**

जहां गंभीर अवस्था में उपचार के लिए जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर बैढ़न में भर्ती कराया गया। बीती रात गुरूवार को एक साल का रियांश ने दम तोड़ दिया। अब इस मामले में पुलिस जांच पड़ताल कर रही है और पुलिस घटना को हत्या मान रही है।

घटना के संबंध में माड़ा पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बसौड़ा निवासी आरोपी रमाशंकर सिंह की ससुराल धनहरा गांव में है। उसकी पत्नी सविता सिंह 4 मार्च को अपने ससुराल गई हुई थी और उसी दिन उसका पति भी ससुराल पहुंचा। किसी बात को लेकर पति-पत्नी में विवाद शुरू हो गया, यहां तक कि मामला मारपीट में तब्दील हो गया। बताया जा रहा है कि आरोपी अपनी पत्नी पर डण्डा बरसाया, तभी गोद में लिये बच्चा रियांश उम्र 1 साल को लग गया। इसके पहले उसने अपनी पत्नी व साली के साथ भी मारपीट किया। रियांश के गंभीर होने पर उपचार के लिए जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर बैढ़न में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। कोतवाली पुलिस मर्ग कायम की है। वहीं चर्चा है कि आरोपी शराब के नशे में धुत्त था।

### इनका कहना है

पति-पत्नी के विवाद में मासूम बच्चे को चोट पहुंची, गंभीर हालत में उपचार के लिए जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर बैढ़न में भर्ती कराया गया, उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई है। बैढ़न पुलिस मर्ग कायम की है। डायरी आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**शिवपूजन मिश्रा**
**थाना प्रभारी, माड़ा**

# गूलर के पेड़ से लटकता मिला युवक का शव, कारण अज्ञात

## पुलिस ने मर्ग कायम कर शुरू की जांच

**नवभारत न्यूज**

**देवसर 6 मार्च । जियावन थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत जोगिनी में आज दिन शुक्रवार 6 मार्च को एक युवक का शव गुलर के पेड़ से लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान राम विशाल साकेत उम्र 26 वर्ष पिता शंकर लाल साकेत निवासी जोगनी के रूप में हुई है।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार राम विशाल साकेत की शादी हो चुकी थी और उसका लगभग दो वर्ष का एक छोटा बच्चा भी है। बताया जा रहा है कि किसी अज्ञात कारण के चलते उसने गांव से कुछ दूरी पर नदी किनारे स्थित गुलर के पेड़ में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।

घटना की जानकारी जैसे ही ग्रामीणों को मिली, मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और पूरे गांव में शोक का माहौल छा गया। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और परिजनों व ग्रामीणों से पूछतांछ की जा रही है।

# मायके में महिला ने खाया जहर, इलाज के दौरान मौत

- मर्ग कायम कर जांच में जुटी मझौली पुलिस

**नवभारत न्यूज**

**सीधी, 6मार्च. जिले के मझौली थाना क्षेत्र अंतर्गत एक महिला की जहर खाने से मौत हो गई।**

महिला ने अपने मायके में जहर खाया था, जिसके बाद उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल ले जाया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मझौली थाना क्षेत्र के ग्राम अतरैला निवासी गुड़िया




साहू 30 वर्ष पत्नी गोकुल साहू कुछ दिन पहले अपने ससुराल से मायके आई हुई थीं। शुक्रवार को उन्होंने अज्ञात कारणों से जहर का सेवन कर लिया। परिजनों को जानकारी मिलने पर गुड़िया को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उनका उपचार शुरू किया, लेकिन उनकी हालत बिगड़ती चली गई और इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इस घटना को लेकर मृतका के पति गोकुल साहू ने बताया कि उनकी पत्नी उनके साथ मायके गई हुई थीं। उन्होंने कहा कि रात में सब सामान्य था और उन्हें किसी प्रकार की आशंका नहीं थी। सुबह परिजनों से जानकारी मिलने पर उन्हें जहर सेवन का पता चला। पति ने बताया कि उन्हें अभी तक समझ नहीं आ रहा है कि उनकी पत्नी ने यह कदम क्यों उठाया। घटना की सूचना मिलते ही मझौली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले में मर्ग कायम कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

### समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए पंजीयन आज तक

**सतना 06 मार्च .** रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन 7 फरवरी 2026 से प्रारंभ हो चुका है। पंजीयन की अंतिम तिथि 7 मार्च 2026 निर्धारित की गई है। जिला आपूर्ति अधिकारी ने मैहर जिले के सभी किसानों से अपील की है कि जिन किसानों ने अभी तक समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय हेतु पंजीयन नहीं कराया है, वे निर्धारित अंतिम तिथि 7 मार्च 2026 तक अनिवार्य रूप से अपना पंजीयन करा लें।

### धनहा में दो बाइकों की भिड़ंत



देवसर . चितरंगी रोड स्थित धनहा क्षेत्र में अभी तत्काल में दो बाइक सवारों के बीच आमने-सामने टक्कर हो गई, जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि दूसरा बाइक सवार मौके से फरार हो गया। मिली जानकारी के अनुसार घायल युवक खड़ौरा गांव का बताया जा रहा है, जिसे दुर्घटना में गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने तुरंत डायल 112 को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक की सहायता करते हुये तत्काली सीएससी देवसर में भर्ती कराया है।

# तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों के प्रभारों में फेरबदल

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 6 मार्च । जिले में राजस्व प्रशासन को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर गौरव बैनल ने तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों के कार्यों में फेरबदल करते हुए नई पदस्थापनाओं के आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश के तहत जिले के सात अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।**



आदेश के अनुसार नागेश्वर प्रसाद पनिका को तहसीलदार बरगवां से स्थानांतरित कर तहसीलदार चितरंगी पदस्थ किया गया है। वहीं जानव्ही शुक्ला को तहसीलदार सिंगरौली से तहसीलदार माड़ा की जिम्मेदारी दी गई है। इसी प्रकार ऋषि नारायण सिंह को तहसीलदार चितरंगी से स्थानांतरित कर तहसीलदार देवसर पदस्थ किया गया है। इसके अलावा प्रीति सिकरवार नायब तहसीलदार को खुटार वृत्त के साथ प्रभारी तहसीलदार सिंगरौली बनाया गया है। दीपेन्द्र सिंह तिवारी को नायब तहसीलदार से प्रभारी तहसीलदार बरगवां की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं सुनील दत्त मिश्रा को नायब तहसीलदार माड़ा से स्थानांतरित कर कलेक्ट्रेट कार्यालय सिंगरौली में पदस्थ किया गया है। इसी क्रम में कमलेश कुमार मिश्रा को नायब तहसीलदार देवसर वृत्त खड़ौरा से तहसील दुधमनिया वृत्त नौढ़िया में पदस्थ किया गया है।

# नपानि बजट को लेकर मेयर नाखुश

- आयुक्त को तीसरी बार लिखा पत्र

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 6 मार्च । नगर निगम सिंगरौली में वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट को समय पर प्रस्तुत नहीं किए जाने पर महापौर रानी अग्रवाल ने नाराजगी जताई है। उन्होंने ननि आयुक्त को पत्र भेजकर जल्द से जल्द बजट तैयार कर महापौर इन काउंसिल एमआईसी के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।**



महापौर ने बताया कि बजट को लेकर 2, 16 और 27 फरवरी सहित तीन बार पत्र भेजे जा चुके हैं, लेकिन अब तक बजट से संबंधित कोई प्रति प्रस्तुत नहीं की गई है। उन्होंने इसे प्रशासनिक लापरवाही बताते हुए कहा कि मार्च माह शुरू हो चुका है और निगम में बजट का समय पर प्रस्तुत होना अनिवार्य है। महापौर के अनुसार बजट के आधार पर ही एमआईसी और परिषद में पूरे वर्ष के विकास कार्यों एवं विभागवार राशि का निर्धारण किया जाता है। बजट के अभाव में समीक्षा और आगे की कार्यवाही प्रभावित हो रही है। उन्होंने आयुक्त से शीघ्र बजट प्रस्तुत कर प्रक्रिया पूरी करने की बात कही है।




महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सुधि महिला पाठकों के लिये विशेष भेंट

नारी शक्ति के सम्मान में सुरुचि का विशेष अंक 8 मार्च 2026 को प्रकाशित किया जा रहा है. सुधि पाठक सुरुचि का यह अंक **रविवार 8 मार्च** को अपने हॉकर से लेना न भूलें


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा प्लाट नं.34, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99